# UNIVERSITY NEWS 10 MAY 2026

## AAJ

### एलयू के 40 विद्यार्थियों का हुआ विप्रो में प्लेसमेंट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर स्थित ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय और संबद्ध कॉलेजों के 40 छात्र-छात्राओं का आईटी कंपनी विप्रो में चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों को कस्टमर सर्विस रिप्रेजेंटेटिव पद पर अधिकतम 3.75 लाख रुपये वार्षिक सीटीसी का पैकेज मिलेगा। अभियांत्रिकी संकाय के प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि चयन प्रक्रिया में प्री.प्लेसमेंट टॉक, एचआर स्क्रीनिंग, वॉइस एंड एक्सेंट राउंड तथा फाइनल इंटरव्यू शामिल थे। इसमें विश्वविद्यालय परिसर से 23 और संबद्ध महाविद्यालयों से 17 छात्र-छात्राओं ने सफलता प्राप्त की। विवि परिसर से बीसीए, बीबीए बीकॉम, बीकॉम ऑनर्स और बीए पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों का चयन हुआ

## AAJ

### एलयू में पीएचडी प्रवेश परीक्षा के परिणाम जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने पीएचडी प्रवेश परीक्षा सत्र 2025-26 के तहत 10 विषयों की प्रोविजनल कम्प्लीट मेरिट लिस्ट जारी कर दी है। अभ्यर्थी विवि की आधिकारिक वेबसाइट पर अपना परिणाम देख सकते हैं। जारी सूची में इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म स्टडीज, फिलॉसफ ी, जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन, एनवायरनमेंट साइंस, एंथ्रोपोलॉजी, अरब कल्चर, एप्लाइड इकोनॉमिक्स, केमिस्ट्री, लाइब्रेरी एंड इंफ र्मेशन साइंस और जियोलॉजी विषय शामिल हैं। एलयू प्रशासन के अनुसार अभ्यर्थी मेरिट सूची और अन्य विवरण विवि की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं।

## NBT

### पीएचडी के 10 विषयों की मेरिट लिस्ट जारी

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय ने पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया के तहत 10 विषयो की प्रोविजनल कम्प्लीट मेरिट लिस्ट जारी कर दी है। शनिवार को जारी सूची मे उन अभ्यर्थियो के नाम शामिल है, जिन्होंने प्रवेश परीक्षा और साक्षात्कार मे हिस्सा लिया था। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना रिजल्ट देख सकते है। प्रवेश समन्वयक प्रो. अनित्य गौरव ने बताया कि पहले चरण मे इंस्टिट्यूट ऑफ टूरिज्म स्टडीज, फिलॉसफी, जर्नलिज्म ऐंड मास कम्युनिकेशन, एनवायरमेंट साइंस, एंथ्रोपोलॉजी, अरब कल्चर, एप्लाइड इकोनॉमिक्स, केमिस्ट्री, लाइब्रेरी ऐंड इंफॉर्मेशन साइंस और जियोलॉजी की मेरिट लिस्ट जारी की गई है। इसमे चयनित अभ्यर्थी आगे काउंसलिंग मे शामिल हो सकेंगे।

## HINDUSTAN

### लखनऊ विश्वविद्यालय के 40 विद्यार्थी विप्रो में चयनित

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर स्थित ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय और संबद्ध कॉलेजों के 40 छात्र-छात्राओं का आईटी कंपनी विप्रो में चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों को कस्टमर सर्विस रिप्रेजेंटेटिव पद पर अधिकतम 3.75 लाख रुपये वार्षिक सीटीसी का पैकेज मिलेगा।

### कैंप के लिए एलयू के दो एनसीसी कैडेट चयनित

एलयू की 64 यूपी बटालियन एनसीसी के दो कैडेट का चयन नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग, उत्तरकाशी में आयोजित टीम बिल्डिंग एवं लीडरशिप एडवेंचर कैंप के लिए हुआ है। नितीश बरनवाल और परांजलि श्रीवास्तव का चयन हुआ है।

## HINDUSTAN

### अखिल भारतीय वुशु में एलयू को रजत पदक

**लखनऊ, संवाददाता।** लखनऊ विश्वविद्यालय की महिला वुशु टीम ने जम्मू-कश्मीर स्थित कश्मीर विश्वविद्यालय में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वुशु पुरुष/महिला चैंपियनशिप 2025-26 में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता। वर्षा तंवर ने रजत पदक हासिल कर खेलो इंडिया चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। क्रीड़ा परिषद के महासचिव प्रो. अजय कुमार आर्य ने बताया कि प्रतियोगिता में 195 विश्वविद्यालयों के करीब 1600 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

## DAINIK JAGRAN

### लवि की वुशु महिला टीम ने जीता रजत पदक



पदक के साथ वर्षा तंवर ● लवि

**लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) की वुशु महिला टीम ने आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वुशु पुरुष-महिला चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीता है। जम्मू कश्मीर के कश्मीर यूनिवर्सिटी में यह चैंपियनशिप हुई। इसमें लखनऊ विश्वविद्यालय की वर्षा तंवर ने अदर स्टाइल चंदन इवेंट्स में रजत पदक पर कब्जा कर खेलो इंडिया चैंपियनशिप 2026 के लिए क्वालीफाई किया। वहीं वुशु टीम के साथ टीम मैनेजर शोभा राम दुबे मौजूद रहे। क्रीड़ा परिषद के महासचिव प्रो. अजय कुमार आर्य ने बताया कि आल इंडिया वुशु चैंपियनशिप में लगभग 195 यूनिवर्सिटी के लगभग 1600 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। वि.

## HINDUSTAN TIMES

### 'Ladybird beetles can help resolve problem of pests'

**LUCKNOW :** A research by the Zoology department of Lucknow University, conducted under the Uttar Pradesh government's "Centre of Excellence" programme, focused on controlling harmful pests through the natural chemical cues of the ladybird beetle.

A grant of Rs 4 lakh has been sanctioned for the study.

Ladybird beetles are generally known for their predatory nature, as they directly feed on pests such as aphids. However, research led by assistant professor Tripti Yadav found the non-consumptive effects of ladybird beetles. The study found that chemical residues and odours released by ladybird beetles influence the behaviour, feeding patterns, growth, and reproductive rate of aphids.

"It is believed that the mere presence of ladybird beetles can create a 'predation risk' in the environment, causing harmful pests to avoid damaging crops or naturally reduce in number. At present, conventional pest-control methods rely heavily on synthetic pesticides, which not only pollute the environment but also increase pesticide resistance among pests. This will become a sustainable and eco-friendly alternative to chemical pesticides in the future," said Yadav.

She said that initial laboratory studies have revealed that exposure to extracts prepared from ladybird beetles significantly reduces the survival rate of aphids and alters their behaviour. "The project is expected to play a vital role in ensuring agricultural sustainability in Uttar Pradesh and may pave the way for the development of effective bio-pesticides in the future," she added.



Ladybird beetle SOURCED

## AMAR UJALA

### पीएचडी प्रवेश परीक्षा परिणाम जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2025-26 की पीएचडी प्रवेश परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए हैं। यह अनंतिम पूर्ण मेरिट सूची दस विषयों के लिए घोषित की गई है। प्रवेश समन्वयक अनित्य गौरव ने बताया कि अभ्यर्थी अपना परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट lkouniv.ac.in पर भी देख सकते हैं। वहीं, सांख्यिकी विभाग में बीए, बीएससी छठे सेमेस्टर की सांख्यिकी प्रायोगिक परीक्षा 16 मई को आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक होगी। विश्वविद्यालय ने अलग-अलग सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम शुक्रवार को जारी किया है। (संवाद)

### लविवि के 40 विद्यार्थियों को मिली नौकरी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालयों के 40 विद्यार्थियों का विप्रो कंपनी में चयन हुआ है। यह चयन विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर स्थित ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में हुआ। चयनितों को अधिकतम 3.75 लाख रुपये वार्षिक का पैकेज मिलेगा। कुल 40 विद्यार्थियों में से 23 लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर से हैं। 17 संबद्ध महाविद्यालयों से चुने गए हैं। कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने विद्यार्थियों से कहा कि शुरुआती कॅरिअर में बहुत कुछ सीखने की जरूरत होती है। इसलिए कोई नौकरी छोटी नहीं समझनी चाहिए। (संवाद)

### कीटनाशकों के विकल्प पर होगा शोध

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग में कृषि रासायनिक कीटनाशकों के विकल्प पर शोध होगा। इसके लिए प्रदेश सरकार के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के तहत चार लाख रुपये के बजट की स्वीकृति मिली है। इस शोध में लेडीबर्ड बीटल के प्राकृतिक रासायनिक संकेतों का उपयोग कर हानिकारक कीटों के नियंत्रण की राह खोजी जाएगी। सहायक आचार्या तृप्ति यादव का यह शोध समेकित कीट प्रबंधन के सिद्धांतों के अनुरूप स्थायी और पर्यावरण अनुकूल विकल्प प्रदान करेगा। (संवाद)

पूरी खबर पढ़ने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

### विद्यार्थियों ने समझा सीमा सुरक्षा तंत्र

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में शनिवार को ट्रांसनेशनल क्राइम व प्रिवेंटिव सिक्योरिटी मैकेनिज्म विषय पर कार्यशाला हुई। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय अपराध, सीमा सुरक्षा और आधुनिक सुरक्षा तंत्र की समझ प्रदान करना था। इस मौके पर 86 बटालियन बीएसएफ के डिप्टी कमांडेंट आलोक मिश्रा मुख्य वक्ता रहे। शोधार्थी और कैडेट्स मौजूद रहे। (संवाद)

### दो कैडेट का कैंप के लिए चयन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय से 64 यूपी बटालियन एनसीसी कैडेट्स नितीश बरनवाल व परांजलि श्रीवास्तव का चयन उत्तरकाशी में आयोजित दल निर्माण एवं नेतृत्व साहसिक कैंप के लिए किया गया है। यह कैंप कैडेट्स में साहस, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और दल भावना विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। (संवाद)

## DAINIK JAGRAN

### लवि हानिकारक कीटों के नियंत्रण की खोजेगा राह



**जागरण संवाददाता ● लखनऊ :** कृषि पारिस्थितिकी तंत्र में रासायनिक कीटनाशकों के बढ़ते उपयोग और उससे उत्पन्न पर्यावरणीय असंतुलन के बीच लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) का जंतु विज्ञान विभाग अभिनव वैज्ञानिक पहल करने जा रहा है। प्रदेश सरकार के 'सेंटर आफ एक्सीलेंस' कार्यक्रम के अंतर्गत स्वीकृत नवीन शोध परियोजना के माध्यम से अब 'मित्र कीट' लेडीबर्ड बीटल के प्राकृतिक रासायनिक संकेतों का उपयोग कर हानिकारक कीटों के नियंत्रण की राह खोजी जाएगी। इस शोध के लिए चार लाख रुपये की राशि स्वीकृत की जा चुकी है।

पारिस्थितिकी तंत्र में 'नान-कंजंपटिव' (उपभोग का अभाव) प्रभाव का अध्ययन आमतौर पर लेडीबर्ड बीटल को उनके भक्षण व्यवहार के लिए जाना जाता है, जहां वे सीधे तौर पर 'माहू' या 'लाही' का शिकार करती हैं। हालांकि विभाग की सहायक आचार्या डा. तृप्ति यादव के नेतृत्व में किया जा रहा यह शोध इसके एक कदम आगे 'नान-कंजंपटिव' प्रभावों पर केंद्रित है। इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य यह समझना है कि लेडीबर्ड द्वारा छोड़े गए रासायनिक अवशेष और गंध किस प्रकार एफिड्स के व्यवहार, भोजन ग्रहण करने की प्रवृत्ति, उनके विकास और प्रजनन दर को प्रभावित करते हैं। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से यह माना जा रहा है कि लेडीबर्ड की उपस्थिति मात्र से उत्पन्न 'भय का मनोविज्ञान' हानिकारक कीटों को फसलों से दूर रखने या उनकी आबादी को सीमित करने में प्रभावी हो सकता है। डा. यादव का यह शोध समेकित कीट प्रबंधन के सिद्धांतों के अनुरूप एक स्थायी और पर्यावरण-अनुकूल विकल्प प्रदान करने की दिशा में कार्य करेगा। प्रयोगशाला स्तर पर किए गए शुरुआती अध्ययनों में लेडीबर्ड बीटल के अर्क के संपर्क में आने पर एफिड्स की जीवित रहने की क्षमता में उल्लेखनीय गिरावट और उनके व्यवहार में बदलाव देखा गया है। यह प्रोजेक्ट न केवल प्रदेश की कृषि स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह भविष्य में 'बायो-पेस्टिसाइड' के निर्माण के लिए नए द्वार भी खोलेगी।

### अपराधों से निपटने के लिए तकनीकी दक्षता जरूरी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग अंतर्गत इमर्जिंग ट्रेंड्स इन ट्रांसनेशनल क्राइम एंड प्रिवेंटिव सिक्योरिटी मेकेनिज्म विषयक तकनीकी कार्यशाला आयोजित की गई। बीएसएफ की 86वीं बटालियन के डिप्टी कमांडेंट आलोक मिश्रा ने कहा कि अपराधों का स्वरूप वैश्विक हो चुका है, जिससे निपटने के लिए तकनीकी दक्षता आवश्यक है।

### मित्र कीटों से फसलों की सुरक्षा पर होगा रिसर्च

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय का जंतु विज्ञान विभाग रासायनिक कीटनाशकों के विकल्प के रूप में जैविक कीट नियंत्रण की नई तकनीक विकसित करने की दिशा में काम करेगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने अपने 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' कार्यक्रम के तहत विभाग की एक शोध परियोजना को चार लाख रुपये की मंजूरी दी है। यह अध्ययन सहायक आचार्या डॉ. तृप्ति यादव के नेतृत्व में संचालित किया जाएगा जो समेकित कीट प्रबंधन को एक नई दिशा देने में सहायक होगा।

## HINDUSTAN

### एलयू में पीएचडी प्रवेश परीक्षा के परिणाम जारी

**लखनऊ।** एलयू ने पीएचडी प्रवेश परीक्षा सत्र 2025-26 के तहत 10 विषयों की प्रोविजनल कम्प्लीट मेरिट लिस्ट जारी कर दी है। सूची में इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म स्टडीज, फिलॉसफी, जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन, एनवायरनमेंट साइंस, एंथ्रोपोलॉजी, अरब कल्चर, एप्लाइड इकोनॉमिक्स, केमिस्ट्री, लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस और जियोलॉजी विषय शामिल हैं।

## AMAR UJALA

### प्रताप की जयंती पर निकाली पदयात्रा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में शुक्रवार को महाराणा प्रताप जयंती पर छात्रों ने पदयात्रा निकालकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। छात्र नेता जतिन शुक्ला, आलोक मिश्रा, मंगेश यादव सहित बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे। वहीं, एबीवीपी राष्ट्रीय कला मंच की लखनऊ विश्वविद्यालय इकाई ने महाराणा प्रताप की जयंती पर गांधी प्रतिमा पार्क में अडिग प्रताप काव्य संगोष्ठी की। (संवाद)

## I NEXT

### एलयू की वुशु महिला टीम ने जीता सिल्वर

**LUCKNOW (9 MAY):** लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) की वुशु महिला टीम ने आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वुशु पुरुष-महिला चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीता है. जम्मू कश्मीर के कश्मीर यूनिवर्सिटी में यह चैंपियनशिप हुई. इसमें लखनऊ विश्वविद्यालय की वर्षा तंवर ने अदर स्टाइल चंदन इवेंट्स में सिल्वर मेडल पर कब्जा कर खेलो इंडिया चैंपियनशिप 2026 के लिए क्वालीफाई किया. वुशु टीम के साथ टीम मैनेजर शोभा राम दुबे मौजूद रहे. क्रीड़ा परिषद के महासचिव प्रो. अजय कुमार आर्य ने बताया कि आल इंडिया वुशु चैंपियनशिप में लगभग 195 यूनिवर्सिटी के लगभग 1600 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया.

## DAINIK JAGRAN

### लवि व सहयुक्त कालेजों के 40 विद्यार्थियों का चयन

**लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर स्थित ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालयों में 40 छात्र-छात्राओं का प्रतिष्ठित कंपनी विप्रो में कस्टमर सर्विस रिप्रेजेंटेटिव पद पर चयन हुआ। अभियांत्रिकी संकाय के प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डा. हिमांशु पांडेय ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय कैंपस से 23 एवं संबद्ध महाविद्यालयों से 17 छात्र-छात्राओं ने सफलता प्राप्त की। इन सभी को 3.75 लाख रुपये वार्षिक (सीटीसी) दिए जाएंगे। विश्वविद्यालय कैंपस से चयनितों में बीसीए के 12 छात्र-छात्राएं हैं। बीबीए के छह विद्यार्थी, बी.काम व बी.काम (आनर्स) की दो-दो छात्राएं हैं। बीए की एक छात्रा को भी सफलता मिली है। वि.

DAINIK JAGRAN

## कैडेट नितीश और परांजलि का एडवेंचर कैंप में चयन

**लखनऊ** : उत्तरकाशी स्थित नेहरू पर्वतारोहण संस्थान में आयोजित टीम बिल्डिंग एवं लीडरशिप एडवेंचर कैंप के लिए 64वीं यूपी बटालियन एनसीसी के कैडेट नितीश बरनवाल व परांजलि श्रीवास्तव का चयन किया गया है। कैंप के दौरान वे राक क्लाइंबिंग, रिवर क्रासिंग, फर्स्ट एड, टीम बिल्डिंग एवं लीडरशिप गतिविधियों का गहन प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। यह प्रशिक्षण कैंप सात से 16 मई तक आयोजित किया जा रहा है। वि.



कैडेट नितीश बरनवाल व परांजलि श्रीवास्तव ● लवि

AMAR UJALA

## दो कैडेट का कैंप के लिए चयन

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय से 64 यूपी बटालियन एनसीसी कैडेट्स नितीश बरनवाल व परांजलि श्रीवास्तव का चयन उत्तरकाशी में आयोजित दल निर्माण एवं नेतृत्व साहसिक कैंप के लिए किया गया है। यह कैंप कैडेट्स में साहस, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और दल भावना विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। (संवाद)

I NEXT

## एडवेंचर कैंप के लिए कैडेट्स का किया गया चयन

lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW(9 May):** नेशनल कैडेट कोर के अंतर्गत आयोजित टीम बिल्डिंग एवं लीडरशिप एडवेंचर कैंप का शुभारंभ एनआईएम उत्तरकाशी में किया गया, जो कैडेट्स के अंदर साहस, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को विकसित करेगा. इस कैंप के लिए 64 यूपी बटालियन एनसीसी लखनऊ यूनिवर्सिटी के कैडेट्स नितीश बरनवाल और परांजलि श्रीवास्तव को सिलेक्ट किया गया है, जिनका प्रशिक्षण कार्यक्रम 16 मई तक चलेगा. कैंप के दौरान कैडेट्स को रॉक क्लाइंबिंग, रिवर क्रॉसिंग, फर्स्ट एड तथा टीम बिल्डिंग और लीडरशिप एक्टिविटीज का गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा. इस अवसर पर एलयू वीसी प्रो जय प्रकाश सैनी व ले रजनीश कुमार यादव, एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर 64 बटालियन एनसीसी एलयू के साथ अधिकारियों एवं प्रशिक्षकों ने सिलेक्टेड कैडेट्स को शुभकामनाएं देते हुए, उज्जवल भविष्य की कामना की.

SWATANTRA BHARAT

## लविवि एनसीसी के दो कैडेट्स का चयन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** लविवि एनसीसी के दो कैडेट्स का चयन एनआईएम उत्तरकाशी में आयोजित प्रतिष्ठित टीम बिल्डिंग एवं लीडरशिप एडवेंचर कैंप के लिए किया गया है। यह कैंप 07 मई से 16 मई 2026 तक आयोजित होगा, जिसका उद्देश्य कैडेट्स में साहस, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास करना है। इस कैंप में चयनित कैडेट्स नितीश बरनवाल एवं परांजलि श्रीवास्तव को रॉक क्लाइम्बिंग, रिवर क्रॉसिंग, फर्स्ट एड तथा विभिन्न टीम बिल्डिंग गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के माध्यम से कैडेट्स के आत्मविश्वास, निर्णय लेने की क्षमता, समन्वय कौशल तथा विपरीत परिस्थितियों में कार्य करने की दक्षता को विकसित किया जाएगा। इस अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जय प्रकाश शैनी एवं 64 यूपी बटालियन एनसीसी के एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर ले. डॉ रजनीश कुमार यादव ने चयनित कैडेट्स को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि दोनों कैडेट्स कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 64 यूपी बटालियन एवं लखनऊ विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित करेंगे।